



# समग्र ई-केवाईसी कार्य में लापरवाही बरतने पर 5 जनपदों के सीईओ को नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, समग्र ई-केवाईसी का शत-प्रतिशत कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन पाँच जनपदों में इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सका.**

जबकि हर टीएल बैठक में कई बार अधिकारियों को निर्देशित किया गया. फिर भी अधिकारियों द्वारा समग्र ई केवाईसी में रूचि नहीं ली गई. इसे अत्यंत खेदजनक, सौंपे गए दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता मानते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. नोटिस का जवाब तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करना होगा. जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर एक तरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी. कलेक्टर ने जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अलग-अलग जारी नोटिस में कहा है कि जनपद स्तर पर समग्र रजिस्टर को अद्यतन रखने का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का है. समग्र ई केवाईसी पूर्ण न होने से आमजन को शासन की योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है साथ ही सीएम हेल्पलाइन में समग्र से संबंधित शिकायतें बढ़ रही हैं. कलेक्टर ने जनपद पंचायत जवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुलाभ सिंह पुशाम को 43 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी तथा समग्र से संबंधित 38 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित रहने पर नोटिस जारी किया है. कलेक्टर ने जनपद पंचायत सिरमौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिश्चन्द्र द्विवेदी, त्योंथर प्रवीण बंसोड, गंगेव प्राची चौबे तथा जनपद पंचयत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार सिंह को भी नोटिस जारी किया है. कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस के अनुसार जनपद पंचायत सिरमौर में 28 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी तथा समग्र से संबंधित 31 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं. जनपद पंचायत त्योंथर में 38 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी तथा 28 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं.

वहीं जनपद पंचायत गंगेव में 40 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी तथा 41 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं. जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में 39 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी और समग्र से संबंधित 79 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं. जिस पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है.

# अधूरी गौशालाओं का निर्माण 30 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरा करें : जामोद

## निर्माण कार्यों की प्रगति संतोषजनक न होने पर कमिश्नर ने जताई नाराजगी, विकासखण्डों में एक लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य 15 सितम्बर तक पूरा करें



नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की. कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण करें. भ्रमण करके विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करें.**

ग्राम पंचायतों से सतत संवाद बनाए रखें. जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्रामीण विकास की धुरी हैं. शासन की उच्च प्राथमिकता की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की पूरी जानकारी रखकर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें. पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत प्रत्येक विकासखण्ड में एक लाख पौध रोपित करने का लक्ष्य 15 सितम्बर तक पूरा करें. इसके लिए अन्य विभागों का भी सहयोग लें. स्वसहायता समूहों, सामाजिक संगठनों तथा व्यक्तिगत रूप से रोपित पौधों की जानकारी वायुदूत ऐप में अपलोड कराएं. एक बगिया माँ के नाम योजना से वृक्षारोपण के स्वीकृत सभी कार्यों की प्रशासकीय और तकनीकी स्वीकृति सात दिवस में जारी करें. समय सीमा का पालन न होने पर संबंधित कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्री के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाएगी. कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश हैं. इन्हें अभियान चलाकर गौशालाओं में व्यवस्थित कराएं. अधूरी गौशालाओं का निर्माण 30 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरा करें. गौशालाओं में बिजली, पानी, चारा तथा गौवंश के उपचार की समुचित व्यवस्था करके वहाँ गौवंश को आश्रय दें. मध्यान्ह भोजन का वितरण अधिक प्रभावी बनाएं. मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें. निर्माण कार्यों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं है. कार्यपालन यंत्री क्षेत्र का भ्रमण करके निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें. मनरेगा में बजट में लक्ष्य के विरूद्ध सीधी, मैहर और सतना जिले में 60 प्रतिशत उपलब्धि है. ऐसी स्थिति सहन नहीं की जाएगी.

जिला पंचायत के सीईओ ग्राम पंचायतवार कार्यों की समीक्षा करके निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मानव दिवस सृजित कराएं. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिंगरौली गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी मौजूद रही.

### कार्य पूरा किए बिना राशि आहरित करने वालो से वसूली करें

कमिश्नर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल तीन माह का नहीं है. भावी पीढ़ी का भविष्य तभी सुरक्षित होगा जब हम जल संरक्षण की आज से चिंता करेंगे. जल संरक्षण के अधूरे निर्माण कार्यों को वर्षाकाल के बाद पुन: शुरू करके 30 नवम्बर तक पूरा कराएं. जल संरक्षण के कार्य में हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करें. निर्माण कार्यों में कार्य पूरा किए बिना तथा मूल्यांकन के बिना जहाँ राशि आहरित कर ली गई है वहाँ वसूली की कार्यवाही करने के साथ संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराएं. संभाग के 5847 गांवों में से 3738 गांवों में मुक्तिधाम का निर्माण पूरा हो गया है. शेष गांवों में 31 अक्टूबर तक मुक्तिधाम का निर्माण अनिवार्य रूप से पूरा कराएं. बैठक में गत वर्ष से स्वीकृत किंतु शून्य राशि व्यय होने वाले निर्माण कार्यों को निरस्त करने के निर्देश दिए गए.

# स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्य 30 नवम्बर तक पूरे करें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की.**

कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना तथा अन्य स्वरोजगार योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य से 50 प्रतिशत अधिक प्रकरण बैंकों में 30 सितम्बर तक दर्ज कराएं. बैंक अधिकारी इन प्रकरणों को एक माह में स्वीकृत और वितरित करें. सभी स्वरोजगार योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य 30 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरे कराएं. रीवा में अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में विशाल रोजगार और स्वरोजगार मेला आयोजित किया जाएगा. इसमें विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों को ऋण एवं अनुदान का वितरण किया जाएगा. जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके लिए अभी से तैयारियाँ शुरू कर दें. इस मेले में 50 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा. कमिश्नर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में बैंकों द्वारा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्राम पंचायत भवन में शिविरों के लिए उचित व्यवस्था करें. शिविर के तीन दिन पूर्व गांव में मुनादी कराकर शिविर की जानकारी दें. बैठक में अधिकारी मौजूद रहे.

# अवैध डेयरी संचालक फैला रहे गन्दगी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, शहर के अंदर लगभग दो दर्जन से अधिक अवैध डेयरियां संचालित है.**

जिनके संचालको द्वारा यहां से निकले वाली गन्दगी और पशुओ के गोबर को या तो नालियो में बहा रहा है या फिर आसपास ही डम्प कर रहे है. जिसकी गंध से आसपास रहने वाले लोग परेशान है तो वही बीमारियां और मच्छर भी पनप रहे है.

शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र घोघर, पचमठा, अमहिया, कब्रिस्तान के आसपास कई अवैध डेयरियां संचालित है. डेयरी संचालको द्वारा यहां से निकलने वाली गन्दगी और गोबर को आसपास ही फेक दिया जाता है या तो नालियो में बहा दिया जाता है. जिससे क्षेत्र में रहने वाले लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

## संक्षिप्त

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन आज

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल आज 21 अगस्त को सड़क निर्माण के विभागीय कार्यों, मरम्मत तथा ईडार पोर्टल की शिकायतों में किये गये निराकरण की समीक्षा करेंगी. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में पीडब्ल्यूडी, ब्रिाज, राष्ट्रीय राजमार्ग, एमपीआरडीसी, पीएमजीएस वाय के विभागीय अधिकारियों के साथ खण्डस्तरीय अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### उर्वरक की रैक रीवा शीघ्र पहुंचेगी

**रीवा.** जिले में यूरिया उर्वरक की रैक आज पहुंचने वाली थी किन्ही कारणोवश रैक प्राप्त नहीं हो पाई है. जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही रीवा के लिये रैक प्राप्त हो जायेगी रैक प्राप्त होने तक किसान धैर्य का परिचय दें. रैक प्राप्त होते ही इसका वितरण किसानों को किया जायेगा. किसानो को परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान दिया जाय रहा है. किसान सहयोग करे.

### प्रतिभा योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

**रीवा.** अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से प्रतिभा योजनान्तर्गत आवेदन 25 सितंबर तक आमंत्रित किये गये हैं. जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2024-25 में निर्धारित पाठ्यक्रम में शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लिया है तथा प्रतिभा योजना से वंचित रह गये हैं साथ ही वर्ष 2025-26 के लिये भी विद्यार्थी एमपी टास पोर्टल पर 25 सितंबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

### जयंती समारोह कल

**रीवा.** ओबीसी महासभा जिला रीवा के अध्यक्ष छोटेलाल रजक ने बताया कि ओबीसी महासभा द्वारा सामाजिक न्याय के प्रणेता महामना रामस्वरूप वर्मा की 102 जन्म जयंती समारोह 22 अगस्त को शाम 4:00 बजे गैस गोदाम स्थित साक्षी पैलेस होटल में मनाई जावेगी. तत्पश्चात बिंध्या जॉन का क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया जावेगा. अत: समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की है.

### चंद्रबली प्रसाद शुक्ल का 101 वर्ष में निधन

**मऊगंज.** चंद्रवली प्रसाद शुक्ल ग्राम पतेरी का दुखद निधन 18 अगस्त को सायंकाल 8:00 बजे हुआ. जैसे ही क्षेत्र में खबर फैली उनके चाहने वाले उनके निज निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की. श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में बैद्यनाथ शुक्ला, शिवानंद शुक्ला, मधुसूदन शुक्ला, पूर्व विधायक मऊगंज सुखेंद्र सिंह बन्ना, यदुवंश प्रसाद मिश्र, ज्ञानेंद्र सिंह परिहार, चंद्रमणि शुक्ला, विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा, संतोष कुमार मिश्र, संजय कुमार मिश्र, मयंक मिश्रा, दिव्यांशू मिश्रा, देवांश मिश्रा, सुरेंद्र चतुर्वेदी, रमेश चतुर्वेदी, विंध्यवासिनी तिवारी, शेख मुख्तार सिद्दीकी, फतेह खान, श्यामा चरण शुक्ला, अजय शुक्ला, कृष्ण बिहारी दुबेदी, अरुणा तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की.



### महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि पर होंगे कार्यक्रम

**रीवा.** महापुरुषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं का नियमित रख-रखाव एवं साफ-सफाई सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है. ताकि प्रतिमाओं के प्रति आमजन में सम्मान, गौरव एवं जागरूकता बनी रहे, नगर की गरिमा एवं सौंदर्य में वृद्धि हो तथा नागरिकों में सद्गुणों और प्रेरणा का भाव जागृत हो. इसी क्रम में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने आदेश जारी करते हुए नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर उनकी जयंती एवं पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए हैं. इस कार्य के लिए प्रकाश द्विवेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो कार्यक्रमों की संपूर्ण रूपरेखा एवं क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेंगे. साथ ही समिति गठित की गई है. इसके तहत जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर नगर निगम द्वारा प्रतिमा स्थलों पर समुचित साफ-सफाई, पुष्पांजलि कार्यक्रम हेतु आवश्यक प्रबंध तथा धार्मिक सद्भाव स्थापित करने के उद्देश्य से अन्य आवश्यक तैयारियाँ समयपूर्व सुनिश्चित की जाएंगी. समिति के माध्यम से महापुरुषों की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया जाएगा.



जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण करते निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे

# निगम आयुक्त ने निरीक्षण कर लिया जलभराव की मूल समस्याओं का जायजा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, शहर में कुछ देर की बरसात से ही जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है. बरसात का पानी लोगो के घरो और सड़को पर भर जाता है.**

निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने वार्ड क्रमांक 04 के खैरा क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया. आयुक्त ने उद्योग विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ क्षेत्र में वर्षा से होने वाले जलभराव के मूल समस्या का जायजा लिया तथा समस्या के समाधान हेतु निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि नगर निगम एवं उद्योग विभाग आपसी समन्वय बनाकर ऐसी योजना तैयार करें जिससे नाले के प्राकृतिक बहाव में कोई बाधा न आए और खैरा क्षेत्र के निवासियों को बाढ़ जैसी स्थिति से निजात मिल सके.

इस दौरान उद्योग विभाग के जीएम जेपी तिवारी, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे. गौरतलब है कि शहर में कुछ देर की ही बरसात से जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है. जिससे लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

बरसात का पानी लोगो के घरो में घुसने लगता है जिससे लोग परेशान होते है.

### दस ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड

नगर निगम रीवा द्वारा विभिन्न वार्डों में निवासरत रहवासियों की सुविधा के लिए सड़क, नाली, पुलिया आदि विकास कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित कर ठेकेदारों के माध्यम से निर्माण/विकास कार्य कराए जाते हैं. परंतु कुछ ठेकेदारों द्वारा अनुबंध पूरित नहीं करने अथवा गुणवत्तायुक्त कार्य नहीं करने के कारण निर्माण/विकास कार्य प्रभावित होते हैं. साथ ही रहवासियों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है और निगम की छवि में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. इसलिए ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड कर निगम में कार्य लेने से प्रतिबंधित किया गया है. नवंबर 2024 से जुलाई 2025 के बीच 10 ठेकेदारों को नगर निगम रीवा द्वारा ब्लैकलिस्टेड किया गया है.

# रोजगार मेले में 669 युवाओं को मिला रोजगार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें युवाओं को रोजगार मिल रहा है.**



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में टीआरएस कॉलेज में रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में 1002 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 12 कंपनियों ने 669 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में भारत फ्यूचर माइंड्स इनोवेशन प्रा. लि. गाजियाबाद ने 34, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ ने 50, आमधनी धूत ट्रांसमिशन औरांगाबाद ने 28, आमधनी प्रा. लि. (एमआरएफ टायर्स) गुजरात ने 29, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. इंदौर ने 34, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा ने 03, प्रभा बायोप्लांटस प्रा. लि. रीवा ने 100, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा ने 27, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा ने 80, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा ने 177, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल ने 24 तथा बजाज अलियाज प्रा. लि. रीवा ने 83 युवाओं का चयन किया.

# स्वच्छता टीम कर रही लोगों को जागरुक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा संचालित स्वच्छ एमपी स्वच्छता गतिविधि अभियान के अंतर्गत जोन वार्ड क्रमांक 35 गीतांजलि मैरिज हॉल रहवासी क्षेत्र में जाकर होम कम्पोस्टिंग के विषय में जानकारी दी गई.**

इसी प्रकार क्रमांक 35 पूर्व महापौर के घर के पास रहवासी क्षेत्र में जाकर होम कम्पोस्टिंग के विषय में बताया गया. उक्त स्थानों में उपस्थित सभी नागरिकों को अपने घर से निकलने वाले गीले कचरे से अपने घर पर ही होम कम्पोस्टिंग करने के लिए प्रेरित किया गया. साथ ही नगर निगम रीवा की स्वच्छता टीम द्वारा स्वच्छता गतिविधि सह दस्तक अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28 पानी की टंकी के पीछे रहवासी क्षेत्र मे स्वच्छता बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें लोगो को जानकारी दी गई.

# सम्मेलन में 7 देशों और 22 राज्यों के प्रतिभागियों ने लिया भाग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, कृषि विज्ञान, पर्यावरण प्रबंधन, जैविक और जीवन विज्ञान में प्रगति पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 16-17 अगस्त को वर्चुअल मोड में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया.**

इस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रतिष्ठित विद्वान, शोधकर्ता और शिक्षाविद एक साथ आए. इस सम्मेलन में 7 विभिन्न देशों और भारत के 22 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया. समापन सत्र में डॉ. एस. के. त्रिपाठी, डीन, कृषि महाविद्यालय, डॉ. अकुला वेणुगोपाल, बेसिक तसर रेशमकीट बीज संगठन, केंद्रीय रेशम बोर्ड, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार; और प्रो. ए. मटुका, बोलोग्ना विश्वविद्यालय, इटली सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया. अध्यक्षता डॉ. सुप्रिया, डॉ. सौमिक रे, डॉ. शिखा यादव, डॉ. लक्ष्मी नरसिम्हैया, मनीष मिश्रा, डॉ. डी रमेश और डॉ. मंजूनाथ जी.आर. ने की. आशुतोष नायक ने प्रतिवेदक के रूप में कार्य किया.

# खाद की समस्या को लेकर कलेक्टर से मिले विधायक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, रीवा और मऊगंज जिले में खाद की समस्या को लेकर किसान खासा परेशान है. लेकिन प्रशासन खाद उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हो रहा है. जिससे किसानो में आक्रोश है.**




विधानसभा मनगवां में समितियों में खाद उपलब्धता ना होने के कारण समूचे किसान खरीफ की फसल की बोनी को लेकर अत्यधिक परेशान हैं. खाद ना ही समितियों में उपलब्ध है और ना ही व्यापारियों के पास दुकानों पर उपलब्धता है. किसान संगठनों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विधायक मनगवॉ इन्जी. नरेन्द्र प्रजापति ने किसानों के प्रतिनिधि मंडल के साथ कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को ज्ञापन सौंप कर शीघ्रातिशीघ्र समितियों में खाद उपलब्ध कराने की बात कही. कलेक्टर ने सभी किसानो से समय पर खाद के रैक लगने की बात कही है और किसानों के लिए यूरिया, डीएपी खाद उपलब्धता की बात कही. विधायक ने कहा कि समूचे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के लिए निरंतर लगातार हर तरह की समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर है.

# नेशनल कराटे प्रतियोगिता में ऋषभदेव सिंह को मिला गोल्ड मेडल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर छत्तीसगढ़ में 17 अगस्त से 19 अगस्त तक आयोजित किया गया था.**



जिसमें रीवा के सीक्रेट हार्ड कान्वेंट स्कूल के कक्षा 6वी के छात्र ऋषभदेव सिंह को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ. आपको बता दें की ऋषभदेव सिंह के पिता अरविंद सिंह बघेल सीधी जिले के भरतपुर निवासी हैं जो कि वर्तमान में सीटू यूनियन अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट वर्क्स मझिगवां इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं. जबकि उनकी माता श्रीमती वसुधा सिंह बघेल ग्राम पंचायत भरतपुर जिला सीधी के सरपंच हैं. ऋषभदेव सिंह रीवा संभाग के करते खेल जगत में एक उभरता हुआ सितारा है. ऋषभदेव रीवा स्थित सीक्रेट हॉट कान्वेंट स्कूल में पढ़ने में भी एक मेधाबी छात्र हैं और उन्होंने स्कूल से लेकर जिला संभाग प्रदेश एवं नेशनल में भी कराटे प्रतियोगिता में अपनी अलग पहचान बनाते हुए नेशनल प्रतियोगिता आयोजित जो छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई उसमें गोल्ड मेडल प्राप्त किया और जिला के साथ-साथ रीवा संभाग एवं विंध्य क्षेत्र का नाम रोशन किया है. उनकी गोल्ड मेडल जीतने उपलब्धि में अपर कलेक्टर विकास सिंह रीवा बास्केटबॉल संघ के सचिव पुष्पराज मिश्रा राघवेंद्र द्विवेदी सौरभ सिंह ऋषिराज सिंह आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

# जिला शांति समिति की बैठक कल

रीवा, 20 अगस्त, गणेश चतुर्थी एवं ईद मिलाद-उन-नवी त्योहार को शांति पूर्वक मनाने एवं त्योहारों में की जाने वाली व्यवस्थाओं के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 22 अगस्त को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में शाम 5 बजे से आयोजित की गई है. समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की गई है.